# रेकी के लिए महिलाओं का इस्तेमाल करता था चोर गिरोह

**सूने मकानों को बनाते थे निशाना, 12 लाख का सामान बरामद**




**देवास।** पुलिस ने सूने मकानों को निशाना बनाने वाले एक शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, नकदी सहित करीब 12 लाख रुपये का चोरी का सामान और वारदात में इस्तेमाल की गई कार बरामद की गई है।

मामले का खुलासा गुरुवार को एसपी पुनीत गेहलोद ने प्रेस वार्ता में किया। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह रेकी के दौरान महिलाओं को साथ रखता था ताकि किसी को उन पर शक न हो। बरामद सामान में डायमंड मंगलसूत्र, डायमंड ईयररिंग, घड़ियां, लैपटॉप और नकदी शामिल है। एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि पहली चोरी 27 मई को सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई थी। फरियादी आदेश कुमार अपने परिवार के साथ जबलपुर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर अलमारी के लॉकर से डायमंड मंगलसूत्र, डायमंड ईयररिंग, घड़ी और नकदी चोरी कर ली थी। दूसरी वारदात 31 मई को कर्मचारी कॉलोनी क्षेत्र में हुई। यहां भी परिवार ईद मनाने उज्जैन गया हुआ था। सूने मकान का फायदा उठाकर आरोपियों ने घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, लैपटॉप सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। इस संबंध में कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी जयंत मीणा (19 वर्ष), आकाश तथा दो महिला आरोपियों चेतना सोलंकी और चिंकी उर्फ प्रिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी जयंत मीणा के खिलाफ पहले से पांच आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जबकि आरोपी आकाश पर करीब 15 अपराध दर्ज बताए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने दोनों चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरोह ने पांच से छह दिनों के भीतर तीन चोरियां की थीं, जिनमें से फिलहाल दो चोरियों का खुलासा किया गया है। वारदातों में एक ही वाहन का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस ने महज सात दिनों के भीतर मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी निशानदेही पर चोरी गया पूरा मशरूका तथा घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद कर लिया।

## महिलाओं की थी अहम भूमिका

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह जब रेकी करता था, तब उनके साथ महिलाएं कार में बैठती थीं। वारदात के दौरान भी महिलाओं को वाहन में साथ रखा जाता था ताकि किसी को शक न हो और पुलिस की नजर से बचा जा सके। इसी रणनीति के तहत गिरोह चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था।

## सीसीटीवी से आरोपियों की पहचान हुई

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी श्यामचंद शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थलों और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान आरोपियों को एक ही चार पहिया वाहन का उपयोग करते हुए देखा गया, जिससे गिरोह की पहचान हुई।



# श्री गीत चरित्र की प्रभावी प्रस्तुति

**देवास।** मराठी कवि ग.दि.माडगूळकर लिखित, सुधीर फडके द्वारा संगीतबद्ध और सुमधुर स्वर में गाये गीत रामायण (जिसमें रामायण प्रसंगों को गीतों के माध्यम से बताया गया है) का मराठी साहित्य और संगीत में एक अति विशिष्ट स्थान है।

कुछ इसी आधार पर श्री गुरु चरित्र ग्रन्थ के 52/53 अध्यायों के कुछ चुनिंदा अध्यायों के सार को गीत संगीत के माध्यम से संत श्री नाना महाराज तराणेकर संस्थान इंदौर के संजय तराणेकर (पूज्य श्री नाना महाराज के पौत्र) ने प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। आपके साथ दीक्षा सुपेकर, मानसी तराणेकर ने गायन में सहयोग किया। विवेक क्षीरसागर ने तबले और विवेक प्रचंड ने झांझ पर संगत की। निवेदिका छाया तराणेकर थी ,जिन्होंने प्रत्येक प्रस्तुति की बड़ी प्रभावी भूमिका श्रोताओं को समझाई। संजय ने पूज्य श्री नाना महाराज के कई प्रसंग भी सुनाए ,श्रोताओं ने कार्यक्रम को खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों का सत्कार श्रीफल और दुपट्टे से अनंत पुराणिक, प्रमोद नाईक, सुलोचना बेलापुरकर, शिखा धोडपकर ने किया।

अनिल बेलापुरकर गुरुजी ने प्रमुख गायक संजय तराणेकर का सत्कार किया। कार्यक्रम संचालन दीपक कर्पे ने किया।

# पुलिस का 360 डिग्री रोड सेफ्टी अभियान, ब्लैक स्पॉट पर बनाए जा रहे पथ प्रहरी

**देवास।** सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के लिए देवास पुलिस ने जिलेभर में 360 डिग्री रोड सेफ्टी अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर आसपास रहने वाले नागरिकों और दुकान संचालकों को प्रशिक्षित कर पथ प्रहरी बनाया जा रहा है।गुरुवार को उज्जैन रेंज के डीआईजी नवनीत भसीन ने औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत एक ब्लैक स्पॉट पर पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान पथ प्रहरियों को सीपीआर, घायलों की सुरक्षित बॉडी हैंडलिंग, प्राथमिक उपचार और आपातकालीन सेवाओं से तत्काल संपर्क करने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही फर्स्ट एड किट और एम्बुलेंस, अस्पताल व पुलिस के जरूरी संपर्क नंबर भी वितरित किए गए।




पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने बताया कि सड़क हादसों में मौत का बड़ा कारण घायलों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचा पाना है। इसी उद्देश्य से ब्लैक स्पॉट के आसपास रहने वाले लोगों को प्रशिक्षित कर दुर्घटना के समय तत्काल मदद के लिए तैयार किया जा रहा है। अभियान के तहत राह वीर योजना और प्रधानमंत्री राहत योजना की जानकारी भी दी जा रही है। राह वीर योजना के तहत घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने वाले नागरिक को 25 हजार रुपये तक का पुरस्कार देने का प्रावधान है।देवास पुलिस द्वारा प्रशिक्षित पथ प्रहरियों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी जोड़ा जा रहा है, ताकि किसी भी दुर्घटना की सूचना कुछ ही सेकंड में साझा हो सके और त्वरित सहायता पहुंचाई जा सके।देवास पुलिस के अनुसार 360 डिग्री रोड सेफ्टी मॉडल के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

# रेत से निकलने पर दो पक्ष भिड़े, सात घायल

**देवास ।** टोंकखुर्द में बुधवार देर शाम रेत के ढेर से निकलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें लाठी-डंडे और पत्थर चले। घटना में एक पक्ष के छह से सात लोग घायल हो गए, जिनमें कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को अमलतास अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



एक पक्ष के जाहिद खान ने बताया कि उनके परिवार का शाहरुख रेत के ढेर के पास से गुजर रहा था। इसी बात पर दूसरे पक्ष के लोगों ने विवाद शुरू कर दिया और उन पर हमला कर दिया। जाहिद खान ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से मारपीट की। इस दौरान कई वाहनों, विशेषकर बाइकों में भी तोड़फोड़ की गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला करते दिख रहे हैं। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

**एक नजर में**

## बचाव और राहत कार्य जागरूकता कार्यक्रम



**भौंरासा।** थाना भौरासा जिला देवास पर चिन्हित ब्लेक स्पाट नेवरी फाटा से अरनिया मे मध्य यातायात दुर्घटनाओ से बचाव एवं राहत कार्य के सबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अनुविभागीय अधिकारी सोनकच्छ संजय सिंह बैस, निरीक्षक अनीता सिंह एवं अन्य स्टाफ मौजुद रहा चौपाल के माध्यम से गंभीर घायलो को प्राथमिक उपचार सबंधी सुझाव , मौके पर सीपीआर प्रदान करने सबंधी प्रशिक्षण तथा जनसहयोग से घायलो को ईलाज हेतु अस्पताल पहुंचाने सबंधी विस्तृत चर्चा की गयी शासन द्वारा संचालित शासकीय योजना जिसमें राहवीर योजना( गंभीर घायल को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाना ताकि समय पर ईलाज मिलने से मृत्यु को रोका जा सके नेक इंसान को नगद 25, 000 एवं सराहना प्रमाण पत्र प्रदान किया जाताहै ) एवं हिट एंड रन योजना ( जिसमें अज्ञात वाहन द्वारा टककर मारने से घायल को आर्थिक मदद की जाती है मृत्यु होने पर 2,00,000/- , गंभीर रुप से घायल व्यकति को 50,000/- ) तथा पीएम राहत योजना ( जिसके अंतर्गत गंभीर रुप से घायल व्यकति को किसी भी अस्पताल मे 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेश उपचार प्रदान किया जाता है जानलेवा केस होने पर 48 घंटे तक विशेष उपचार ) जनचौपाल में शासन द्वारा संचालित जनहितैषी योजनाओ एवं यातायात नियमो का प्रभावी रुप से पालन , मौके पर सीपीआर प्रदान करने सबंधी समस्त जानकारीया दी गई जिसमें नेवरी फाटा बलैक स्पाट पर उपसिथत सभी सम्माननीय नागरिक उपसिथत रहे।

## जिलास्तरीय समीक्षा-निगरानी समिति की बैठक

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी एवं बागली विधायक मुरली भंवरा, नगर परिषदों के अध्यक्षो सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, निगमायुक्त दलीप कुमार, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, जिला परियोजना अधिकारी स्मिता रावल, इंदु भारती, सभी नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, उपयंत्री, जल निगम एवं एमपीयूडीसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में जिले की नगरीय निकायों में प्रचलित अमृत 2.0 अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य (जलप्रदाय, ग्रीन स्पेस एवं वाटर बॉडी रेज्यूवेनेशन) की प्रगति की समीक्षा की गई तथा कार्यों में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए आदेश के पालन के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कर इसके संबंध में मासिक बैठक आयोजित करने एवं रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश दिये। बैठक में हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी एवं बागली विधायक मुरली भंवरा द्वारा जलप्रदाय के संबंध में बताई गई समस्याओं का तत्काल निराकरण के लिए एमपीयूडीसी को निर्देशित कर वर्षा ऋतु से पूर्व कार्य को पूर्ण करने हेतु कहा गया। बैठक में उपस्थित नगर परिषद नेमावर अध्यक्ष कृष्णगोपाल अग्रवाल, कांटाफोड़ अध्यक्ष कैलाश चंद्र आमोदिया, करनावद अध्यक्ष परसराम पाटीदार, अध्यक्ष हाटपिपल्या चंद्रकांता अरुण राठौर एवं बागली अध्यक्ष सीमा कमल यादव द्वारा अपनी निकाय से संबंधित समस्याओं को कलेक्टर सिंह के समक्ष रखा गया। जिनके निराकरण के लिए उपस्थित मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया।

# मूंग का पंजीयन नहीं होने से किसान परेशान

**बागली।** उदय नगर तहसील क्षेत्र से जुड़े किशनगढ़ आगरा खुर्द आगरा बुजुर्ग पानकुंवा राता तलाइ पीपल पाटी पोला खाल पिपरी रतनपुर निमनपुर पाटाखाल धारा जी देवझीरी पोटला कन्डिया हरमवडी पांडू तालाब करनाल आनंद नगर आदेश नगर बावड़ी खेड़ा गारा घाटी मगरा देह धोबु घट्टा शिवन पानी झूलादड विशाली सीतापुरी आदी गांव में मूंग उत्पादक किसान ऑन का मूंग फसल पंजीयन नहीं होने से क्षेत्र के किसानों को सरकार की समर्थन मूल्य पॉलिसी का फायदा नहीं मिल पाएगा।

भारतीय किसान संघ से जुड़े सीता वन क्षेत्र उदय नगर तहसील अध्यक्ष किसान शिव शंकर गेहलोद ने बताया कि यह किसान मजबूरी में 6200 से लेकर 6300 क्विंटल तक अपनी उपज को बेचने के लिए मजबूर है जबकि सास की समर्थन मूल्य 8778 निश्चित है ऐसी स्थिति में किसानों को सीधा-सीधा 2400 से 2500 का घाटा हो रहा है। किसानों ने बताया कि प्रशासन का यह प्रतिवर्ष का नाटक है। इस क्षेत्र में जानबूझकर गिरदारी लेट की जाती है ताकि बिचौलिए और दलाल लोग मूंग फसल सहित अन्य फसलों को सस्ते में खरीद ले दूसरी बड़ी समस्या यह है कि उनका पंजीयन यदि होता भी है तो सतवास या कांटा फोड़ में फसल टोल ले जाना पड़ता है जिससे किसानों को अतिरिक्त वहां खर्च होता है किराए का ट्रैक्टर या अन्य वाहन ले जाने पर किराया बहुत लग जाता है।

# धर्म की हानि होने लगी है तब निर्गुण सगुण रूप में हुआ अवतरित : व्यास

**देवास।** शुद्ध मति अहंकार रहित होती है जो मनुष्य मन से निर्मल हो जाता है तब वो ईश्वर की भक्ति का पात्र बनता है संत संगति की प्राप्ति से इश्वरी शक्ति से परिचित होता है। भगवान शिव ने पार्वती जी को राम अवतार के पांच करणों की कथा सुनाते हुए कहा कि पहला कारण नारायण के द्वारपाल को ब्रह्मा जी के पुत्रों का श्राप था।

दूसरा सती वृंदा का नारायण को श्राप , तीसरा नारद जी को अहंकारवश होकर नारी मोह होने का कारण था। भगवान की माया से वही बच सकता है जिस पर भगवान की कृपा हो। नारायण ने नारद जी को मोहमाया से बचाने के लिए वानर मुख प्रदान करने पर नारद जी ने नारायण को श्राप दिया था अगले अवतार में नारी मोह का दुख मिलेगा आपको और आपको वानर मुख से सहायता लेना पड़ेगी। अभिमान के तीन कारक होते है पुष्प के माला, प्रणाम, और तीसरा प्रशंसा । मनु शतरूपा ने नारायण के पुत्र की कामना की तो भगवान ने वरदान दिया कि त्रेता युग में मै स्वयं आपका पुत्र बनूंगा। हरिमर्दन को ब्राह्मण का श्राप था। महादेव जी ने कहा कि सिर्फ रावण का वध ही राम अवतार का कारण नही था। जब भी धरती पर धर्म की हानि होने लगती है नारायण रूपी निर्गुण को सगुण के रूप में अवतरित होना पड़ा। राम कथा के इस आध्यात्मिक चित्रण को स्वर्णकार धर्मशाला में स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा पुरुषोत्तम मास में आयोजित श्रीराम कथा में रामायणाचार्य पंडित सुनील कृष्ण व्यास ने राम अवतार की कथा का सुंदर एवं भाव पूर्ण वर्णन किया। आपने कथा में कहा कि घर में बरकत चाहते हो तो गाय और कुत्ते को रोटी देने के साथ आने वाले अतिथि का भाव रख कर भोजन अधिक बना कर रखे घर में सदा बरकत बनी रहेगी। साथ ही जीवन के सभी सुख और दुख में भगवान की कृपा को कभी भूले नहीं। अवध में आनंद भयो जय रघुलाल की.. भजन नृत्य के बीच राम जन्म उत्सव महिला मंडल द्वारा मनाया गया। व्यास पीठ की पूजा अध्यक्ष राजश्री सोनी, सचिव डिम्पल सोनी, कोषाध्यक्ष शीतल सोनी , शकुंतला सोनी , मुकेश वर्मा रेखा वर्मा ने की। उमंग ग्रुप एवं राधा मंडल ने गुरु जी का सम्मान किया।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर आज वृहद् स्तर पर होगा पौधारोपण

**देवास।** अमृत हरित महाअभियान के संबंध में आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि अमृत हरित महाअभियान के शुभारंभ एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निगम के एकेवीएन पार्क मधुमिलन चौराहा पर शुक्रवार 5 जून को प्रात 8 बजे समारोह पूर्वक वृहद् स्तर पर पौधारोपण का कार्यक्रम होगा।



इस संबंध में आयुक्त ने निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, उद्यान विभाग से रवि पाटीदार, गोपाल परमार के साथ पौधारोपण किए जाने की व्यवस्थाओं को जायजा लिया एवं दिशा निर्देश दिए। वार्डो में स्वच्छता को लेकर आयुक्त दलीप कुमार ने गुरूवार 4 जून को वार्डो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दरोगाओं को स्वच्छता के लिए कहा कि जिस प्रकार से वार्डो में स्वच्छता की जा रही है उसमें और अधिक फोकस करें ताकि वार्डो के साथ साथ व्यवसाईक क्षेत्रों मे स्वच्छता बनी रहे। खुले प्लाटों पर दरोगा भ्रमण कर चेक करें कि कचरा तो नही डल राह है। अगर कचरा डलता पाया जाता है तो पता करें कचरा कौन डाल रहा है ओर चालानी कार्रवाई करें। वहीं आयुक्त ने वार्ड 6,7,8 एवं 9 मे नालो का भी निरीक्षण कर सफाई कार्य को देखा। बरसाती पानी की निकासी को लेकर इन वार्डो मे जिन नालों की सफाई नही हुई है उसे शीघ्रता से सफाई कार्य करवायें तथा नालों से निकलने वाली गाद को उठवायें जाने के निर्देश निगम उपयंत्री जितेन्द्र सिसोदिया एवं वार्ड दरोगा को दिए ताकि नागरिकों को बारिश मे किसी प्रकार कोई समस्या उत्पन्न ना हो।

# स्पीड ब्रेकर पर उछला वाहन, मछलियां रोड पर फैली

**देवास।** राजोद रोड स्थित जिला जेल के सामने बने स्पीड ब्रेकर को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गुरुवार को सामने आए इस वीडियो में एक पिकअप वाहन स्पीड ब्रेकर से गुजरते समय उछला, जिससे उसका पिछला फलका खुल गया और उसमें भरी बड़ी संख्या में मछलियां सड़क पर बिखर गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना तीन-चार दिन पुरानी है। पिकअप के उछलने से फलका खुलने के बाद मछलियां सड़क पर गिर गईं। वाहन चालक और अन्य लोगों ने तुरंत मछलियों को समेटने का प्रयास किया, लेकिन सड़क पर गिरने और धूप के कारण कई मछलियां खराब हो गईं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि जेल के सामने बना यह स्पीड ब्रेकर तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं है। इसके कारण वाहन अचानक झटके खाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। रहवासियों ने प्रशासन से इस स्पीड ब्रेकर की जांच कराने और आवश्यक सुधार करने की मांग की है। उनका उद्देश्य है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# पुलिस की सिंहस्थ ड्यूटी बाबा महाकाल की सेवा...

**देवास।** सिंहस्थ की तैयारियों के मद्देनजर देवास में गुरुवार को पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में हुए इस सत्र में उज्जैन रेंज के डीआईजी नवनीत भसीन ने जवानों को संबोधित किया। उन्होंने सिंहस्थ ड्यूटी के महत्व और पुलिस के व्यवहार पर जोर दिया।

डीआईजी भसीन ने कहा कि सिंहस्थ में ड्यूटी करना केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि महाकाल की सेवा का अवसर है, जो हर किसी को नहीं मिलता। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे कोई पुलिसकर्मी उज्जैन के घाटों पर तैनात हो या देवास की सीमा पर, सभी की जिम्मेदारी समान है। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ के दौरान देवास मार्ग से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुजरेंगे, जिससे यह केवल उज्जैन ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी बन जाती है।

भसीन ने पुलिसकर्मियों के व्यवहार को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं से विनम्रता और संवेदनशीलता के साथ पेश आएं, ताकि वे यहां से अच्छी यादें और पुलिस के प्रति सम्मान लेकर जाएं। डीआईजी ने कहा कि पुलिस का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि लोग जाते समय उनके लिए दुआएं दें।

**एक नजर में** — विद्यार्थियों को भारतीय लोक कलाओं में छिपे संदेशों को समझने के सूत्र दिए

# शासकीय महाविद्यालय में व्याख्यानमाला का आयोजन

**देवास।** विद्यार्थियों में विषय के प्रति जागरूकता और ज्ञान संवर्धन करने के उद्देश्य से चित्रकला विभाग में सत्र 2025 26 में विषय विशेषज्ञों की व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस श्रृंखला में 23 मई 2026 को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इंदौर के चित्रकला विभाग की विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक और विषय विशेषज्ञ डॉक्टर कुमकुम भारद्वाज ने चित्रकला के विद्यार्थियों को शिल्डिंग एंड इनकरेजमेंट ऑफ़ इंडियन कल्चर इंडियन आर्ट विषय पर व्याख्यान दिया। चित्रकला विभाग में आयोजित यह कार्यक्रम प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख डॉक्टर एस पी एस राणा के मार्गदर्शन एवं आईक्यूएसी के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संरक्षक डॉ राणा ने अतिथियों का स्वागत किया व विद्यार्थियों को अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। प्राचार्य ने कहा कि एक शिक्षक ज्ञान का खजाना होता है वह शासकीय समय सीमा से परे भी एक शिक्षक ही रहता है, सफल विद्यार्थी वही है जो अपने शिक्षक के दिए ज्ञान को आत्मसात कर सके यही जीवन में सफलता के दरवाजे खोलने की कुंजी हैं। बीज वक्ता डॉ भारद्वाज ने विद्यार्थियों को भारतीय लोक कलाओं में छिपे संदेशों को समझने के सूत्र दिए, इसी श्रृंखला की दूसरी कड़ी में 30 5.2026 को शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उज्जैन के चित्रकला विभाग की विभाग अध्यक्ष व प्राध्यापक एवं वरिष्ठ कलाकार डॉ रंजना वानखेड़े के व्याख्यान का भी आयोजन किया गया।



डॉ वानखेड़े ने कलात्मकता में रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान दिया।